आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 04.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी—देश में एनडीए गठबंधन दो सौ नब्बे से ज्यादा सीट पर आगे—वहीं, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दो सौ तीस से अधिक सीटों पर बढ़त।

2— छत्तीसगढ़ में ग्यारह में से दस सीटों पर भाजपा आगे—कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार जीत की ओर अग्रसर।

3— छत्तीसगढ़ में दो—तीन दिन में दस्तक दे सकता है मानसून—जगदलपुर में आज गरज—चमक के साथ हुई तेज बारिश।

मतगणना—राष्ट्रीय

अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। लोकसभा की सभी पांच सौ तैंतालीस सीटों में सुबह से मिल रहे रूझान अब परिणाम में बदलने लगे हैं, जिनमें से कुछ सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। एनडीए गठबंधन ने लगभग 290 सीटों पर जबकि इंडिया गठबंधन 230 से अधिक सीटों पर आगे है। अन्य दल 18 सीटों पर आगे चल रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी 238 सीटों पर जबकि कांग्रेस 99 सीटों पर बढत बनाए हुए है।

विभिन्न राज्यों की बात करें, तो उत्तरप्रदेश में अस्सी सीटों में से इंडिया गठबंधन इकतालीस और एनडीए अड़तीस सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सभी उनतीस सीटों पर आगे चल रही है। गुजरात की छब्बीस सीटों में से भारतीय जनता पार्टी पच्चीस पर और इंडिया गठबंधन एक पर आगे चल रहा है। बिहार की चालीस सीटों में से एनडीए इकतीस और इंडिया गठबंधन आठ सीटों पर आगे है। महाराष्ट्र की अड़तालीस सीटों में से एनडीए उन्नीस और इंडिया गठबंधन अट्ठाईस पर आगे चल रहा है। राजस्थान की पच्चीस सीटों में भारतीय जनता पार्टी चौदह और इंडिया गठबंधन ग्यारह पर आगे है।

प्रमुख उम्मीदवारों में प्रधानमंत्री और वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी एक लाख बावन हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीत गए हैं। वहीं, गांधीनगर से केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने सात लाख चवालीस हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की है। आगे चल रहे प्रमुख उम्मीदवारों में गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल के नाम प्रमुख हैं।

मतगणना—छत्तीसगढ़—01

जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है तो राज्य की ग्यारह सीटों में से दस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आगे हैं। वहीं, कोरबा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए है।

भारतीय जनता पार्टी को भले ही उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों में मन—मुताबिक कामयाबी नहीं मिली है। लेकिन, छत्तीसगढ़ में उसे अपेक्षा के अनुरूप सफलता मिली है। दो हजार चौदह में हुए चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में दस सीटें जीती थीं और कांग्रेस ने एक। वहीं, दो हजार उन्नीस में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने नौ और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश की ग्यारह में से दस सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने बढ़त बना ली है। यहां हम बताना चाहेंगे कि छत्तीसगढ़ की ग्यारह लोकसभा सीटों में से अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित चार सीटों —

सरगुजा, बस्तर, रायगढ़ और कांकेर में भाजपा के प्रत्याशी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एकमात्र सीट जांजगीर–चांपा पर भी भाजपा प्रत्याशी ही जीत रहे हैं। राज्य की जो सीट सबसे अधिक चर्चा में रही है, अब उसकी बात करते हैं। राजनांदगांव सीट में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल भारतीय जनता पार्टी के संतोष पांडेय से चवालीस हजार छह सौ से ज्यादा मतों से पीछे चल रहे हैं। रायपुर सीट पर भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल रिकॉर्ड मतों से जीतने का कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक श्री अग्रवाल अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकास उपाध्याय से पांच लाख छियालीस हजार से अधिक मतों से आगे हैं।

मतगणना–छत्तीसगढ़–02

वहीं, कोरबा सीट पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी उम्मीदवार सरोज पांडेय, कांग्रेस की ज्योत्सना महंत से करीब उनतालीस हजार पांच सौ से ज्यादा मतों से पीछे चल रही है। रायगढ़ सीट पर भाजपा के राधेश्याम राठिया दो लाख चालीस हजार मतों से आगे हैं।

बस्तर सीट में भाजपा के महेश कश्यप, कांग्रेस के कवासी लखमा से पचपन हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं। वहीं, बिलासपुर सीट में भाजपा के तोखन साहू, कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र यादव से एक लाख उनचास हजार मतों से आगे है। सरगुजा में वोटों की गिनती की काम पूरा हो चुका है। हालांकि, अभी चुनाव परिणाम की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। यहां भाजपा के चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस की शशि सिंह को चौंसठ हजार से अधिक वोटों से हराया है।

जांजगीर सीट में भाजपा की कमलेश जांगड़े, कांग्रेस के डॉक्टर शिवकुमार डहरिया से पचपन हजार नौ सौ वोटों से आगे चल रही हैं। महासमुंद में भाजपा की रूपकुमारी चौधरी कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू से करीब एक लाख चवालीस हजार मतों से आगे है। वहीं, कांकेर सीट में भाजपा उम्मीदवार भोजराज नाग, कांग्रेस के बीरेश ठाकुर से लगभग उन्नीस सौ मतों से आगे है। दुर्ग सीट में भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल चार लाख तीस हजार से अधिक वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार राजेन्द्र साहू से आगे हैं।

सुशील त्रिवेदी–बातचीत

डॉक्टर त्रिवेदी ये बताए कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के अनेक राज्यों में अपेक्षा अनुरूप सफलता नहीं मिली है। लेकिन, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश जैसे मध्य भारत के राज्यों में इसने न सिर्फ अपनी जमीन को बचाकर रखा है, बल्कि उसे मजबूत भी किया है।

मौसम

छत्तीसगढ़ में मानसून अगले दो–तीन दिनों में दस्तक दे सकता है। मौसम विज्ञानी एच. पी. चंद्रा ने बताया कि गुरूवार या शुक्रवार तक राज्य के बस्तर संभाग के जिलों में मानसून का प्रभाव देखने को मिल सकता है।

अगले दो दिनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना नहीं है। हालांकि, अधिकतम तापमान में भी खास बदलाव नहीं आएगा।

इस बीच, बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आज शाम मौसम ने करवट बदली और दोपहर बाद यहां गरज–चमक के साथ तेज बारिश हुई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>